दिनांक : 19/04/2026
समय :7.10एएम
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार,

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित करते हुए कहा- सरकार महिला आरक्षण के रास्ते में आने वाली हर बाधा को दूर करेगी।
2- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने प्रदेश के सभी नागरिकों से किया राष्ट्रीय जनगणना कार्य को सफल बनाने का आह्वान।
3- प्रदेश में 10वीं और 12वीं के अनुपस्थित, अनुत्तीर्ण और अंक सुधार के इच्छुक परीक्षार्थीयों के लिए पहली बार मिल रहा द्वितीय परीक्षा देने का अवसर।
4- मौसम विभाग ने आज निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में लू की चेतावनी दी। 6 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का अनुमान।

पीएम - संबोधन

प्रधानमंत्री ने देश की प्रत्येक महिला को आश्वस्त किया कि उनकी सरकार महिला आरक्षण के रास्ते में आने वाली हर बाधा को दूर करेगी। राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो दल महिला आरक्षण का विरोध कर रहे हैं, वे देश की महिलाओं की संसद और राज्य विधानसभाओं में बढ़ती भागीदारी को रोक नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के अपने संकल्प पर अडिग है। उन्होंने यह भी कहा कि यद्यपि विधेयक को पारित होने के लिए आवश्यक 66 प्रतिशत मत प्राप्त नहीं हुए, लेकिन देश की सभी महिलाओं का आशीर्वाद उनकी सरकार के साथ है।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में राष्ट्रहित को सर्वोपरि बताया और कहा कि सरकार के निष्ठापूर्ण प्रयासों के बावजूद नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन से जुड़ा विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो सका, जिसके लिए वह सभी माताओं और बहनों से क्षमा मांगते हैं।

संबोधन में प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि नारी शक्ति वंदन संशोधन का उद्देश्य 2029 के आगामी लोकसभा चुनावों से महिलाओं को उनका लंबित अधिकार दिलाना था। साथ ही यह विधेयक 21वीं सदी के भारत की महिलाओं के लिए नए अवसर सृजित करने, उन्हें नई उड़ान देने और उनके रास्ते से बाधाओं को दूर करने का एक

क्रांतिकारी प्रयास था। उन्होंने यह भी कहा कि स्पष्ट इरादे और ईमानदारी के साथ, पवित्र प्रयास किया गया था, ताकि देश की 50 प्रतिशत आबादी को उनका उचित हिस्सा और प्रतिनिधित्व मिल सके।

जनसंख्या

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश की जनसंख्या के आंकड़े ही केंद्र सरकार द्वारा नीति निर्माण एवं मानव संसाधन के नियोजन का पहला आधार होते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनता के नाम एक अपील संदेश भी जारी कर आहवान किया है कि प्रदेश के सभी नागरिक अपनी सहभागिता से इस पुनीत राष्ट्रीय कार्य को सम्पन्न कराने में सहयोग दें। संदेश में उन्होंने कहा है कि प्रदेश में एक मई 2026 से प्रारंभ हो रहे जनगणना-2027 के पहले चरण, 'मकान सूचीकरण एवं गणना' कार्य एक राष्ट्रीय दायित्व है। राज्य का प्रत्येक नागरिक पूर्ण निष्ठा और सक्रिय सहयोग के साथ इस कार्य को सफल बनाये।

शिवराज-खरीफ सीजन की बैठक

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि क्षेत्र की वर्तमान स्थिति और आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मंत्री ने किसानों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि सरकार अल नीनो के संभावित प्रभाव से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कृषि सचिव और संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को किसानों के हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं अग्रिम रूप से करने का निर्देश भी दिया।

iGOT पोर्टल उप्लब्धि

साधना सप्ताह के दौरान मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। iGOT पोर्टल पर अधिकतम पाठ्यक्रम पूर्ण करने के मामले में मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा एवं साधना सप्ताह अंतर्गत 10 हजार से अधिक लोक सेवकों की श्रेणी में प्रदेश स्तर पर विभाग ने दूसरा स्थान हासिल किया है। विभाग की इस उपलब्धि पर अब 21 अप्रैल को सिविल सर्विस डे पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा विभाग को सम्मानित किया जाएगा। विभाग की तरफ से उच्च शिक्षा

विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन पुरस्कार ग्रहण करेंगे।

परीक्षा अवसर

प्रदेश में 10वीं और 12वीं के अनुपस्थित, अनुत्तीर्ण और अंक सुधार के इच्छुक परीक्षार्थीयों के लिए पूरक परीक्षा के स्थान पर पहली बार द्वितीय परीक्षा देने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर विद्यार्थियों से कहा कि आपको इस द्वितीय अवसर का भरपूर लाभ उठाना है। विद्यार्थियों को रुकना नहीं, अब और भी बेहतर करना है।

10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिये पूरक परीक्षा के स्थान पर द्वितीय अवसर परीक्षा के इच्छुक परीक्षार्थी 22 अप्रैल तक mponline पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परीक्षा को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत आयोजित किया जा रहा है।

हेली सेवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश में पर्यटन और धार्मिक यात्राओं को सुगम, सुरक्षित और आनंददायक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए आज भोपाल के स्टेट हैंगर से "पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा" के अंतर्गत नए सेक्टर भोपाल-चंदेरी-ओरछा का विधिवत शुभारंभ करेंगे। यह नया सेक्टर भोपाल को धार्मिक नगरी ओरछा और ऐतिहासिक विरासत के लिए प्रसिद्ध चंदेरी से जोड़ेगी। इससे श्रद्धालु श्रीरामराजा मंदिर में सुगमता से दर्शन के लिये पहुँच सकेंगे और चंदेरी की सांस्कृतिक विरासत व प्रसिद्ध हस्तशिल्प का अनुभव ले सकेंगे।

मौसम

अब खबर मौसम की, प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच मौसम फिर बदला है। शनिवार को गर्म हवा और तेज गर्मी के साथ कई जिलों में बादल भी छाए रहे। रतलाम में पारा रिकॉर्ड 44 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, भोपाल में बादल छाए रहे। उमरिया में पारा 43.8 डिग्री, मंडला में 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। छतरपुर के खजुराहो में तापमान 42.9 डिग्री, गुना में 42.8 डिग्री, दतिया में 42.6 डिग्री, दमोह-नौगांव में 42.5 डिग्री, टीकमगढ़-सतना में पारा 42.2 डिग्री तक रहा।

आगरमालवा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में लगातार बढ़ते तापमान एवं लू से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर पढ़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान रखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। भोपाल, गुना, मंडला, बड़वानी में भी स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है।

मौसम विभाग ने आज निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में लू की चेतावनी दी है। वहीं 6 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने का अनुमान है।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में, सनराइजर्स हैदराबाद ने कल रात चेन्नई सुपर किंग्स को 10 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने निर्धारित 20 ओवर में 194 रन बनाए। जवाब में, चेन्नई सुपर किंग्स 20 ओवर में 8 विकेट पर केवल 184 रन ही बना सकी। हैदराबाद के लिए ईशान मलिंगा ने तीन विकेट लिए, उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

आज, कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मुकाबला दोपहर 3:30 बजे से होगा, वही दूसरे मुकाबले में पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स शाम 7:30 बजे आमने-सामने होंगे।

संक्षिप्त समाचार

1- खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में आयोजित “एकात्म पर्व” के तीसरे दिन आज अद्वैत दर्शन को आधुनिक संदर्भों से जोड़ते हुए कई महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए जाएंगे।
2- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पन्ना कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जल गंगा अभियान की गतिविधियों सहित अन्य जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की विभागवार समीक्षा की।
3- राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को बाल विवाह रोकने के लिए तत्काल और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।
4- गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में ट्रांसपोर्टरों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। ट्रांसपोर्ट व्यवस्था सुधार हेतु शॉर्ट टर्म एवं

लॉन्ग टर्म प्लान तैयार करने के निर्देश दिए गए।

5- डिंडोरी कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कल कलेक्टर सभाकक्ष उद्यानिकी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।